# FIRST INFORMATION REPORT
## Under Section 173 B.N.S.S.

## (प्रथम सूचना रिपोर्ट )
## अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2026

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0170 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 25/06/2026 13:45 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 | 13(1)(e) |
| 2 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 | 13(2) |
| 3 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 13(1)(b) |
| 4 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 13(2) |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

 1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 20/05/2000 **Date To (दिनांक तक):** 16/04/2024

 **Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 09:30 बजे **Time To (समय तक):** 18:00 बजे

 (b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 25/06/2026 **Time (समय):** 11:00 बजे

 (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 003 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 25/06/2026 13:45:26 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

 1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** NORTH-WEST, 76 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

 (b) **Address(पता):** JALOR

 (c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

 **Name of P.S (थाना का नाम):** **District(State) (जिला (राज्य) ):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** RAMESHWAR LAL

(b) **Father's/Mother's/Husband's Name (पिता / माता / पति का नाम):**

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 10/01/1971 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
**Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | Plot no 63, Mcorp vinayakiya Road, Near Inadana Hotal, KHASRA No1872/632, Park residency colony, RATANADA, JODHPUR CITY EAST, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | Plot no 63, Mcorp vinayakiya Road, Near Inadana Hotal, KHASRA No1872/632, Park residency colony, RATANADA, JODHPUR CITY EAST, RAJASTHAN, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | KRISHNA KUMAR MEENA | | पिता:BHARAT RAM MEENA | 1. GUNGI,BAHROR,कोटपूतली-बहरोड़,RAJASTHAN,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | | 1,97,87,798.00 |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):** 1,97,87,798.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

श्रीमान् निवेदन है कि दिनांक 29 जनवरी 2024 को राजस्थान पत्रिका मे प्रकाशित खबर ''संविदा कर्मियो से एमडी के परिवार के खातो मे जमा हुए लाखो रूपये'' के संबध मे एवं श्री नन्दकिशोर सोनी वरिष्ठ प्रबन्धक दी जालोर सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड शाखा भीनमाल द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर को प्रेषित शिकायत पर भ्रनिब्यूरो जालोर द्वारा गोपनीय जांच करने पर पाया गया कि श्री कृष्ण कुमार मीणा तत्कालीन प्रबंध निदेषक (एम.डी),केन्द्रीय सहकारी बैंक जालोर ने अपने जालोर पदस्थापन की अवधी माह जनवरी 2021 से जुलाई 2023 तक के दौरान सहकारी विभाग जयपुर राजस्थान के पत्र दिनांक 28.7.2022 के आदेशानुसार जालोर जिले मे समितियों के संचालक मण्डल के द्वारा दिनांक 10.07.2017 से पूर्व कार्यरत सहायक व्यवस्थापको की स्क्रीनिंग कर नियमितिकरण किया जाना था। परन्तु राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर के द्वारा एसबी सिविल रिट पिटिशन न. 14257/2022 एव 12717/2022 के आदेश दिनांक 30.9.2022 के द्वारा राजस्थान राज्य मे सहायक व्यवस्थापको के स्क्रीनिंग से नियमितिकरण करने पर रोक लगाये जाने के बाद भी श्री कृष्ण कुमार मीणा एमडी द्वारा जालोर सहकारी बैंक मे माह अगस्त 2022, नवम्बर 2022 एव जनवरी 2023 को बैठक आयोजित कर करीबन 100 से अधिक सहायक व्यवस्थापकों से प्रत्येक से 4-5 लाख रूपये बतौर रिश्वत केन्द्रीय सहकारी बैंक जालोर मे कार्यरत श्री जसाराम मीणा वरिष्ठ प्रबन्धक एव उनके पुत्र श्री प्रवीण मीणा (कम्प्यूटर ऑपरेटर संविदाकर्मी) के बचत खाते जो केन्द्रीय सहकारी बैक जालोर की शाखा मे संधारित थे उन बचत खातो मे नियमितिकरण किये गये सहायक व्यवस्थापको से एनईएफटी/आरटीजीएस करवाकर उक्त रिश्वत राशि श्री कृष्ण कुमार मीणा एमडी की पत्नी श्रीमती विमला मीणा, पुत्री गार्गी मीणा, पुत्र जयसिह मीणा एव परिवार के अन्य सदस्यों एवं रिश्तेदारों के खातो मे प्राप्त करने के उक्त तथ्य सही पाये जाने पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय जयपुर द्वारा उक्त श्री कृष्ण कुमार मीणा एमडी केन्द्रीय सहकारी बैंक जालोर व अन्य के विरूद्ध प्रकरण संख्या 58/2024 धारा 7, 7(ए), 8, 11 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) एव 120 बी भादस मे दर्ज किया गया। प्रकरण दर्ज होने के पश्चात आरोपी श्री कृष्ण कुमार मीणा तत्का प्रबंध निदेशक के जयपुर स्थित ए-318, प्लाट नम्बर 102, संगीता अपार्टमेंट, गोपालपुरा बाईपास, त्रिवेणी नगर की माननीय सक्षम न्यायालय से सर्च वारन्ट प्राप्त कर उक्त रहवासी मकान की खाना तलाशी ली जाकर फर्दे मुर्तिब कर शामिल पत्रावली की गई। दौराने खाना तलाशी आरोपी के मकान में मिले परिसम्पतियों से सम्बंधित दस्तावेजों एवं सोने-चांदी के आभूषणों एवं सांजों सामान की कीमत स्वतन्त्र गवाहान के रूबरू निर्धारित कर फर्द खाना तलाशी में अंकित की गई है। आरोपी श्री कृष्ण कुमार मीणा के राज्य सेवा में आने की प्रथम तिथि दिनांक 20.05.2000 से खाना तलाशी दिनांक 16.04.2024 तक का चैक पिरियड अवधी निर्धारित की गई है। दौरान अनुसंधान आरोपी श्री श्री कृष्ण कुमार मीणा तत्कालीन प्रबंध निदेशक के नाम बैंक ऑफ बडौदा, गोपालपुरा बाईपास जयपुर में लॉकर संख्या 435 की दिनांक 16.04.2024 को स्वतन्त्र गवाह के समक्ष खाना तलाशी ली गई तो लॉकर पूर्ण रूप से खाली पाया गया। खाना तलाशी के दौरान प्राप्त दस्तावेजात, नकदी, सोने-चांदी के आभूषण व सूचनाओ के आधार पर आरोपी श्री कृष्ण कुमार मीणा तत्कालीन प्रबंध निदेशक, दी जालोर ओ-ऑपरेटिव बैंक लि. जालोर ने अपने सेवा काल के दौरान प्राप्त की गई आय व व्यय का विवरण प्रपत्र अ, ब, स, द में निम्नानुसार है -

प्रपत्र-''अ''

चेक पीरियड से पूर्व अर्जित सम्पतियों का विवरण:-

क्रं.सं परिसम्पतियों का विवरण खरीदने/ निवेश की दिनांक/वर्ष किसके नाम खरीदी गई- एस.ओ. से संबध परिसम्पति का मूल्य

1. 2. 3. 4. 5.

1. एक भूखण्ड बाबा आर. एन. गौड़ गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर से महर्षि गौतम नगर-2 स्कीम में स्थित राधा रानी सत्संग के सामने बीलवा टोंक रोड जयपुर में दिनांक 05.05.1998 को राशि 45,205 रूपये में क्रय। वर्ष 1998 श्रीमती विमला मीणा (पत्नी) 45,205

प्रपत्र--''ब''

चेक पीरियड (दिनांक 16.04.2024) के अन्त में मौजूद परिसम्पतियों का विवरणः-

क्रं.सं परिसम्पतियों का विवरण खरीदने/ निवेश की दिनांक/वर्ष किसके नाम खरीदी गई- एस.ओ. से संबध परिसम्पति का मूल्य
1. 2. 3. 4. 5.
1. एसओ. के जयपुर स्थित मकान की खाना तलाशी के दौरान मिले साजो-सामान की अनुमानित कीमत। -- स्वयं 8,06,195
2. एसओ. के जयपुर स्थित मकान की खाना तलाषी के दौरान मिले सोने-चांदी के आभूषणों की अनुमानित कीमत। स्वयं 63,02,294
3. प्लाट नम्बर 31ए, मालविय नगर, दिल्ली के क्रय पर व्यय। वर्ष 2011 श्रीमती विमला मीणा (पत्नी) 84,24,000
4. प्लाट नम्बर ई-480, लालकोठी टोंक रोड़ जयपुर जयपुर के क्रय पर व्यय। वर्ष 2012 श्रीमती विमला मीणा (पत्नी) 20,20,000
5. होण्डा एक्टीवा नम्बर आरजे 14 बीएल 0449 के क्रय पर किया गया व्यय। वर्ष 2009 स्वयं 50,000
6. मारूती सुजुकी की स्वीफ्ट कार नम्बर आजे 14 सीएम 5997 के क्रय पर किया गया व्यय। वर्ष 2011 स्वयं 5,50,420
7. टोयटा कम्पनी की इनोवा कार नम्बर आरजे 14 यूडी 3517 के क्रय पर किया गया व्यय। वर्ष 2014 श्रीमती विमला मीणा (पत्नी) 14,49,500
8. हुण्डाई कम्पनी की क्रेटा कार नम्बर आरजे 45 सीआर 7536 के क्रय पर किया गया व्यय। वर्ष 2022 विक्रान्त मीणा (भतीज) 18,02,850
9. निशान कम्पनी की मेग्नाईट कार नम्बर आरजे 23 बीएच 2022 के क्रय पर किया गया व्यय। विक्रान्त मीणा (भतीज) 5,65,445
10. मोती भवन निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर से दिनांक 29.12.2011 को राशि 2,00,255 रूपये में प्लाट नम्बर डी-70 पश्चिम विहार नेशनल हाईवे-8 भूखण्ड क्रय। वर्ष 2011 श्रीमती विमला मीणा (पत्नी) 2,00,225
11. श्री के. के. मीणा के नाम से ऐक्सिस बैंक के खाता संख्या 0100101 00164566 में दिनांक 16.04.2024 को अंतिम शेष। दिनांक 16.04.2024 स्वयं 39,958
12. कु. गार्गी मीणा के नाम से बैंक ऑफ बडौदा के खाता संख्या 35190100009408 में दिनांक 13.04.2024 को अंतिम शेष। दिनांक 13.04.2024 गरीमा मीणा (पुत्री) 554
13. कु. गरीमा मीणा के नाम से बैंक ऑफ बडौदा के खाता संख्या 33190100009407 में दिनांक 14.04.2024 को अंतिम शेष। दिनांक 14.04.2024 गरीमा मीणा (पुत्री) 229
14. श्री के. के. मीणा एवं श्रीमती विमला मीणा के नाम से एस.बी.आई. के संयुक्त खाता संख्या 36137365201 में दिनांक 14.04.2024 को अंतिम शेष। दिनांक 14.04.2024 स्वयं 1356
15. श्रीमती विमला मीणा के नाम से बैंक ऑफ बडौदा के खाता संख्या 27950100014136 में दिनांक 10.04.2024 को अंतिम शेष। दिनांक 10.04.2024 श्रीमती विमला मीणा (पत्नी) 1310
16. श्री अनिरूध मीणा के नाम से बैंक ऑफ बडौदा के खाता संख्या 33190100010089 में दिनांक 14.04.2024 को अंतिम शेष। दिनांक 14.04.2024 श्री अनिरूध मीणा (पुत्र) 61
संदिग्ध अधिकारी के नाम 16.04.2024 तक मौजूद परिसम्पतियों का कुल मूल्य - 2,22,14,397
प्रपत्र-''स''
चेक पीरियड अवधि (दिनांक 20.05.2000 से दिनांक 16.04.2024 तक) में एस.ओ., उसकी पत्नि एंव बच्चों की शुद्ध आय -
क्रं.सं आय का शीर्षक का विवरण आय प्राप्ति की अवधि दिनांक/वर्ष किसके द्वारा आय अर्जित की गई - एस.ओ. से संबध शुद्ध आय की राशि
1. 2. 3. 4. 5.
1. श्री के. के. मीणा प्रबंध निदेषक को नियुक्ति तिथि वर्ष 2000 से माह मार्च 2024 तक प्राप्त शुद आय। जीए-55 अनुसार। वर्ष 2000 से 2024 तक। स्वयं 99,14,090
संदिग्ध अधिकारी एंव उसके परिवार के सदस्यों द्वारा चैक पीरियड में प्राप्त की गई शुद्ध आय - 99,14,090

प्रपत्र- ''द''
चेक पीरियड अवधि (दिनांक 20.05.2000 से दिनांक 16.04.2024 तक) में एस.ओ., उसकी पत्नि एंव बच्चों द्वारा किए गए खर्चों का विवरण -
क्रं.सं खर्च का शीर्षक का विवरण खर्च करने की अवधि दिनांक/ वर्ष किसके द्वारा खर्च किया गया - एस.ओ. से संबध खर्च की राशि
1. 2. 3. 4. 5.
1. असत्यापित आय 99,14,090 का 1/3 भाग रसोई खर्च वर्ष 2000 से 2024 तक स्वयं 33,04,696
2. श्री के. के. मीणा द्वारा जयपुर स्थित संगीता अपार्टमेंट, फ्लेट नम्बर 102, त्रिवेणी नगर जो किराये पर ले रखा है। जिसका माह जुलाई 2006 से मार्च 2024 तक का किराये पेटे अनुमानित व्यय। वर्ष 2006 से 2024 तक। स्वयं 17,50,000
3. श्री के. के. मीणा द्वारा एक पुत्र एवं दो पुत्रियों के अध्ययन्न पर स्कूल एवं हॉस्टल पर अनुमानित व्यय।
-- स्वयं 7,42,000
4. होण्डा एक्टीवा नम्बर आरजे 14 बीएल 0449 पर खरीद से अब का बीमा, सर्विस एवं फ्युल पर किया गया व्यय। वर्ष 2009 से 2024 तक। स्वयं 60,000
5. मारूती सुजुकी की स्वीफ्ट कार नम्बर आजे 14 सीएम 5997 पर खरीद से अब का बीमा, सर्विस एवं फ्युल पर किया गया व्यय। वर्ष 2011 से 2024 तक। स्वयं 4,00,000
6. टोयटा कम्पनी की इनोवा कार नम्बर आरजे 14 यूडी 3517 पर खरीद से अब का बीमा, सर्विस एवं फ्युल पर किया गया व्यय। वर्ष 2014 से 2024 तक। स्वयं 5,00,000
7. हुण्डाई कम्पनी की क्रेटा कार नम्बर आरजे 45 सीआर 7536 के क्रय पर किया गया व्यय। वर्ष 2022 से 2024 तक। स्वयं 1,00,000
8. निशान कम्पनी की मेग्नाईट कार नम्बर आरजे 23 बीएच 2022 के क्रय पर किया गया व्यय। वर्ष 2022 से 2024 तक। स्वयं 1,00,000
9. श्री के. के. मीणा, उनकी धर्म पत्नी एवं दो पुत्री एवं एक पुत्र इस प्रकार परिवार के पांच सदस्यों द्वारा पांच मोबाईल का उपयोग किया जा रहा है। उक्त मोबाईल क्रय एवं रिचार्ज पेटे किया गया अनुमानित व्यय। 16.04.2024 तक स्वयं 5,76,000
संदिग्ध अधिकारी. एंव उसके परिवार के सदस्यों द्वारा चैक पीरियड में व्यय की गई कुल राशि 75,32,696
उपरोक्त चारों प्रपत्र अ, ब, स, द, के आधार पर एस.ओ. द्वारा अर्जित आय से अधिक/कम परिसम्पति की गणना का विवरण निम्नानुसार हैं -
1- (क) चेक पीरियड से पूर्व अर्जित परिसम्पत्तियों का कुल मूल्य (प्रपत्र 'अ' का योग) राशि 45,205 रूपये।
2- (ख) चेक पीरियड के अन्त में मौजूद परिसम्पतियों का कुल मूल्य (प्रपत्र 'ब' का योग) राशि 2,22,14,397 रूपये।
3- (ग) चेक पीरियड के दौरान खरीदी/अर्जित सम्पतियों का कुल मूल्य (ख - क) राशि 2,22,14,397-45,205 2,21,69,192 रूपये ।
4- (घ) चेक पीरियड के दौरान एसओ, पत्नि, बच्चों की शुद्ध आय की (प्रपत्र 'स' का योग) राशि 99,14,090 रूपये।
5- (ड़) चेक पीरियड के दौरान किए गए खर्चों की राशि (प्रपत्र 'द' का योग) राशि 75,32,696 रूपये।
6- (च) चेक पीरियड के दौरान अर्जित कुल परिसम्पतियां एंव व्यय (ग ड का योग) राशि 2,21,69,192 75,32,696 2,97,01,888 रूपये।
7- (छ) आय से अधिक परिसम्पतियां (च - घ) राशि 2,97,01,888-99,14,090 1,97,87,798 रूपये। (परिसम्पतियां अधिक होना पाई गई)
8- (ज) आय से अधिक परिसम्पति का प्रतिशत छ/घ X 100 एस0ओ0 के आय की तुलना में 199.59 प्रतिशत परिसम्पतियां अधिक होना पाया गया। अर्थात आय से परिसम्पति 1,97,87,798 रूपये अधिक पाई गई है।
श्री कृष्ण कुमार मीणा तत्का. प्रबंध निदेशक, दी जालोर सैण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. जालोर द्वारा अपने सरकारी सेवा काल वर्ष 2000 से दिनांक 16.04.2024 तक की अवधि में जुटाई गई परिसम्पतियों एंव व्यय का कुल योग 2,78,38,888 रूपये हुआ, जबकि आलोच्य अवधि में उनकी कुल वैध आय का योग 99,14,090 रू रही। इस प्रकार एस0ओ0 की वैध आय की तुलना में मौजूद परिसम्पतियां एंव व्यय का योग राशि 1,97,87,798 रूपये (199.59 प्रतिशत) अधिक होना पाया गया है।
श्री कृष्ण कुमार मीणा तत्का. प्रबंध निदेशक, जेसीसीबी जालोर के जयपुर स्थित निवास स्थान की खाना तलाशी के दौरान वाटिका गृह निर्माण सहकारी समिति लि0 जयपुर के अलग-अलग व्यक्तियों के नाम जारीशुदा 109 भूखण्ड के पट्टे, 14 खाली आवंटन पत्र, 03 विक्रम पत्र एवं अन्य भूखण्डों सम्बंधी दस्तावेज मिले थे। उक्त भूखण्ड आरोपी की बेनामी सम्पति हो सकती है, यदि बेनामी सम्पति नहीं है तो उक्त भूमि पर जिस सोसायटी के द्वारा आवासीय योजना विकसित की गई है वह भूमि

स्वयं आरोपी की हो सकती हैं। इस बिन्दु के सम्बंध में विस्तृत जांच प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान के दौरान किया जाना उचित रहेगा।
अतः श्री कृष्ण कुमार मीना पुत्र श्री भरत राम मीना, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम एवं पोस्ट गुंगी, तहसील बहरोड़, जिला कोटपुतली बहरोड़ (राज.) हाल निवासी ए-318, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर तत्कालीन प्रबंध निदेशक, दी जालोर सेण्ट्रज कॉ-ओपरेटिव बैंक लि. जालोर हाल निलम्बित उप रजिस्ट्रार, कार्यालय अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, उदयपुर, खण्ड उदयपुर के विरूद्ध जुर्म अन्तर्गत धारा 13(1)(ई) सपठित 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 व धारा 13(1)(बी) सपठित 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) का प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाये जाने से बिना नंबरी प्रथम सूचना रिपोर्ट कता की जाकर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हेतु श्रीमान की सेवामें सादर प्रेषित है।
भवदीय (रामेश्वरलाल) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सिरोही...........कार्यवाही पुलिस.......... प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईपशुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री रामेश्वरलाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सिरोही ने प्रेषित की है मजमून रिपोर्ट से जुर्म अन्तर्गत धारा 13(1)(ई) सपठित 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 व धारा 13(1)(बी) सपठित 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) में आरोपी श्री कृष्ण कुमार मीना पुत्र श्री भरत राम मीना, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम एवं पोस्ट गुंगी, तहसील बहरोड़, जिला कोटपुतली बहरोड़ (राज.) हाल निवासी ए-318, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर तत्कालीन प्रबंध निदेशक, दी जालोर सेण्ट्रज कॉ-ओपरेटिव बैंक लि. जालोर हाल निलम्बित उप रजिस्ट्रार, कार्यालय अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, उदयपुर, खण्ड उदयपुर के विरूद्ध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां नियमानुसार जारी की गई। उक्त प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी श्री मांगीलाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जालोर को मनोनित किया गया है। उक्त की रोजनामचाआम 435 पर अंकित है। (गोरधन लाल सौंकरिया) पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर। क्रमांक 1032-35 दिनांक 25.06.2026 प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः- 1- विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, पाली 2- अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, सहकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर 3- उप महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर 4- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सिरोही । पुलिस अधीक्षक-प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर।

13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
**(की गई कार्यवाही: चूँकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता हैं कि अपराध करने का तरीका मद सं.2 में उल्लेख धारा के तहत हैं):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जाँच के लिए लिया गया):**

**or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.): (जाँच अधिकारी का नाम ):** MANGI LAL RATHORE **Rank (पद):** अपर पुलिस अधीक्षक

**No(सं.): to take up the Investigation (को जाँच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or(या)**

(3) **Refused investigation due to (जाँच के लिए) :**

**or (के कारण इंकार किया, या)**

(4) **Transferred to P.S.(थाना):** **District (जिला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .**

F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost.

**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गई, सही दर्ज हुई माना और एक प्रति निःशुल्क शिकायतकर्ता को दी गई|)**

**R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)**

14. **Signature/Thumb impression of the complainant / informant**
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

Signed by: Gordhan Lal Sonkaria
Location: Rajasthan,IN
Date: 25/06/2026 14:48:00

15. **Date and time of dispatch to the court**
**(अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Name(नाम):** GORDHAN LAL SONKARIA

**Rank (पद):** SP (Superintendant of Police)

**No(सं.):**

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )
(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth ( जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 1966 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language /Dialect (भाषा /बोली) | Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.
(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)